बरेली, बुधवार
10 दिसंबर, 2025
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 18+4=22

दैनिक जागरण

inext

PAGE NO : 04 MIDDLE

# एसआरएमएस अकादमी ने 96 रन से जीता मैच

bareilly@inext.co.in

**BAREILLY (9 Dec):** कैंट स्थित रवींद्रनाथ टैगोर क्रिकेट एकेडमी मैदान मोहनपुर में टूर्नामेंट का आयोजन चल रहा है. मंगलवार को एसआरएमएस क्रिकेट अकादमी व ओसिस टीम के मध्य क्रिकेट मैच खेला गया. एसआरएमएस अकादमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 40 ओवर में 193 रन बनाए, इसमें विरल ने 52 और इमरान ने 44 रन बनाए. ओसिस की ओर से विश्वजीत ने चार विकेट, शाद रजा और सुभान ने दो-दो विकेट लिए, लक्ष्य का पीछा करने उतरी ओसिस की टीम सुशांत और ईशान की घातक गेंदबाजी के आगे 97 रन बनाकर आउट हो गई. ओसिस की ओर से प्रत्यक्ष ने 31 व शाद रजा 23 रन बनाए, एसआरएमएस की ओर से सुशांत और ईशान ने तीन-तीन विकेट ओर रिजवान ने दो विकेट लिए, मैन आफ द मैच विरल भटनागर को मिला. ओसिस टीम के विश्वजीत को फाइटर आफ द मैच का खिताब दिया गया.